तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री से.
न्यूनतम 19.0 डिग्री से.

हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार 21 अक्टूबर 2026

8 बच्चों की कमजोर दक्षताओं को सुधारने....



8 मां भगवती के भजनों और जयकारों से गूंजा न्यू....



खबर संक्षेप

जींदः महिला पर लांछन लगाने पर दंपत्ति नामजद

जींद। भिवानी रोड पर महिला के साथ मारपीट करने तथा लांछन लगा छवि खराब करने पर शहर थाना पुलिस ने दंपत्ति खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भिवानी रोड निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पड़ोसी ललिता से कहासुनी हो गई थी। जिस पर ललिता तथा उसके पति जयकरण ने उसके साथ मारपीट की तथा उस पर लांछन लगा कर छवि खराब करने की कोशिश की। शहर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत जयकरण तथा ललिता के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सीएससी का ताला तोड़ 35 हजार रुपये चुराए

जींद। नरवाना के विश्वाकर्मा चौक पर शाम को संचालक कुछ समय के लिए घर चला गया। पीछे से चोरों ने सीएससी का ताला तोड़ कर 35 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर शहर थाना नरवाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। ढाकल रोड नरवाना निवासी सुशील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह विश्वकर्मा चौक पर सीएससी सेंटर चलाता है।

मकान से दो मोटर चोरी, मामला दर्ज

जींद। गांव सिल्लाखेड़ी में चोरों ने घर से दो मोटर तथा बिजली केबलों को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव सिल्लाखेड़ी निवासी जयभगवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने मकान से एक सबमर्सिबल, एक टुल्लू पंप तथा पांच सौ मीटर केबल को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने जयभगवान की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

26.8 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार

कैथल। एंटी एक्सटॉर्शन सेल कैथल द्वारा एक आरोपी को 26.8 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी एक्सटॉर्शन सेल प्रभारी एएसआई तरसेम कुमार की अगुवाई में एएसआई मंजीत सिंह की टीम को हांसी-बुटाना नहर पुल के पास, राष्ट्रीय राजमार्ग-152 पर गांव क्योड़क के पास गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली कि क्योड़क निवासी अमित उर्फ मीतु हेरोइन बेचने का धंधा करता है और नीले रंग की इलेक्ट्रिक स्कूटी पर सवार होकर हेरोइन बेचने के लिए गांव क्योड़क से कैथल की तरफ आने वाला है। जिसे हेरोइन सहित काबू किया जा सकता है।

चोरी के आरोपी से 110 सरकारी पाइप बरामद

कैथल। एंटी नारकोटिक सैल टीम द्वारा पाइप लाइन चोरी मामले में एक आरोपी को काबू कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा 110 पाईप बरामद किए गए है। कैथल पुलिस द्वारा उक्त मामले में चोरीशुदा सामान की 100 प्रतिशत बरामदगी की गई है, जिसकी कीमत करीब 7.5 लाख रुपए है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव बरटा निवासी ठेकेदार कुलदीप सिंह कि शिकायत अनुसार वह पिछले करीब 15 वर्षों से पब्लिक हेल्थ विभाग में गवर्नमेंट कांट्रेक्टर के तौर पर कार्य कर रहा है।

चीका से मोटरसाइकिल चोरी, मामला दर्ज

कैथल। चीका में मजदूर की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने बाइक को बलबेहड़ा रोड पर पानी की टंकी के पास खड़ा किया था। वापसी पर गायब मिली। उसने अपने स्तर पर तलाश की, पर सुराग नहीं लगा। इसके बाद चीका थाना पुलिस को शिकायत दी। चीका थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में थेह बुटाना निवासी निर्मल सिंह ने बताया कि वह चीका के वार्ड नंबर-3 स्थित बलबेहड़ा रोड पर मजदूरी करने आया था।







जींद। अर्जुन स्टेडियम में खड़े किए गए रावण, मेघनाद व कुंभकरण के पुतले व अर्जुन स्टेडियम में रावण दहन देखने के लिए उमड़ी लोगों की भीड़ व अर्जुन स्टेडियम में धूंधूं कर जलते पुतले। *फोटो :हरिभूमि*

रावण का दहन होते ही गूंजा श्रीराम का उद्घोष

विजय दशमी का पर्व श्रद्धा व धूमधाम से मनाया, अर्जुन स्टेडियम में फूंके रावण परिवार के पुतले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलेभर में मंगलवार को दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। अधर्म पर धर्म तथा बुराई पर अच्छाई के प्रतीक विजय दशमी पर्व पर रेलवे जंक्शन स्थित स्कूल मैदान व अर्जुन स्टेडियम में रावण, कुंभकरण तथा मेघनाथ के पुतले फूंके गए। इस मौके पर शहर में कई जगहों पर मेलों का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने जमकर खरीददारी की। अर्जुन स्टेडियम में रावण दहन के चलते देर शाम वहां जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। विजय दशमी पर्व पर मंदिरों में भी विशेष पूजा तथा यज्ञ का आयोजन किया गया। रेलवे जंक्शन स्कूल ग्राउंड के आसपास छोटे-छोटे झूले लगाए गए थे। बच्चों ने तीर कमान, तलवार खरीदे। वहीं राम, हनुमान के मुखौटे भी बच्चों में आकर्षण का केंद्र रहे। ज्यों-ज्यों शाम नजदीक आती गई वैसे-वैसे अर्जुन स्टेडियम तथा रेलवे ग्राऊंड में भीड़ बढ़ती गई। दशहरा पर्व को लेकर शाम को शोभायात्रा निकाली गई। राम, लक्ष्मण, हनुमान की आर्कषक झांकियां बनाई गई थी। अर्जुन स्टेडियम में किले वाली श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी की ओर से रावण, मेघनाद व कुंभकर्ण के विशालकाय पुतले जलाए गए। जिसमें मुख्यअतिथि के तौर पर डिप्टी स्पीकर एवं जींद विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा शामिल हुए। उधर, रेलवे रामलीला क्लब की ओर से रेलवे जंक्शन स्कूल ग्राउंड में रावण दहन किया गया। जींद शहर में दशहरा पर्व पर मंगलवार को अर्जुन स्टेडियम और जींद रेलवे जंक्शन ग्राउंड में रावण के कुनबे का दहन किया गया। रेलवे जंक्शन पर रेलवे रामलीला क्लब द्वारा बनवाए गए रावण के पुतले की ऊंचाई 40 फीट रही तो वहीं सनातन धर्म रामलीला क्लब द्वारा तैयार किए गए रावण के पुतले की ऊंचाई 45 फीट तथा कुंभकरर्ण और मेघनाथ के पुतले की ऊंचाई 40 तथा 40 फीट रखी गई है। खास बात यह है कि इस बार रावण की आंखों से लाइट जलती नजर आई। पुतलों में भरपूर आतिशबाजी का प्रयोग किया गया था। रावण के वध पर जम कर आतिशबाजी की गई। जिसका दर्शकों ने आनंद उठाया। श्री सनातन धर्म आदर्श रामलीला क्लब (किले वाली) द्वारा अर्जुन स्टेडियम तक शोभा यात्रा निकाली गई। प्रधान रवि गुंबर ने कहा कि 1955 से लगातार रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। विजय दशमी के अवसर पर पूरे दिन बाजारों में चहल-पहल रही। पुलिस द्वारा दोनों ही जगह लोगों की भीड़ को देखते हुए बेरिकेटिंग की हुई थी। चौराहों पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। दशहरा पर्व को लेकर बाजार में भीड़ भाड़ रही। लोगों ने जमकर खरीददारी की। शहर के सभी मुख्य मार्गो पर मिठाईयों की दुकान सजी हुई थी। लोगों ने मिठाई बांटकर एक दूसरे को बधाई दी। सुरक्षा की दृष्टि से आयोजन स्थलों पर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था।



जींद। रेलवे जंक्शन ग्राउंड में रावण के पुतले का दहन।

राख को विसर्जित करने का प्रावधान

किसी को नजर लग जाए, उसके भी काम आती है। साफ शब्दों में कहें तो रावण की जली हुई लकड़ियां तंत्र क्रिया के काम आती हैं। इसलिए लोग एक-एक लकड़ी उठा कर अपने घर ले जाते हैं। वहीं कुछ लोगों की सोच है कि रावण के पुतले की जली लकड़ी घर में रखना पितृ दोष का भी कारण बनती है। लोग लकड़ी को रावण की अस्थियों के रूप में मान कर अपने घर में जाते हैं। जिससे कि घर में किसी प्रकार का भय न रहे। किंतु ऐसा करना रावण के अवशेष को घर में स्थान देकर पूरा साल उसकी नकारात्मक ऊर्जा अपने घर में प्रवेश करवाने जैसा रहता है। देह जलने के बाद उसकी राख को विसर्जित करने का प्रावधान है। जिससे कि उस व्यक्ति के जितने भी अवशेष बचे हैं, वह पंच भूतों में विलीन होकर सकारात्मकता की ओर बढ़ें परंतु यदि ध्यान से सोचिए आप अपने किसी प्रियजन की अस्थियां घर में रख लें तो उसका क्या प्रभाव आपके जीवन पर पड़ेगा। तो ऐसा करना बिल्कुल भी उचित तरीका नहीं है।

लकड़ी घर लाना बहुत उत्तम

गया था। सावर्जनिक स्थानों पर मोर्चा बंदी की गई थी। रावण का पुतला दहन से पूर्व लोगों ने रावण की पूजा अर्चना की और सुख समद्धि की कामना की। अंत समय में रावण द्वारा लक्ष्मण को दिया गया ज्ञान ने भी लोगों को नसीहत दी। पुतला दहन के बाद लोग रावण के पुतले की लकडियों को अपने घर उठ ाकर ले गए। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि दशहरे पर रावण दहन की राख या लकड़ी घर लाना भी बहुत उत्तम माना जाता है। रावण के पुतले का दहन होने के बाद उसकी छोटी सी लकड़ी या राख लाकर लाल कपड़े में बांधे और उसे मुख्य द्वार पर बांध दे। ऐसा कहते हैं कि यह उपाय करने से नकारात्मक शक्तियां घर से कोसों दूर रहती हैं। इसके अलावा कई लोग भूत-प्रेत बाधा दूर करने के लिए उसका टीका लगता है।



जींद। रोष जताते बिजली निगम कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

इलेवन कंपनी को लाइसेंस देने के विरोध में रोष जता की नारेबाजी

- बिजली निगम कर्मचारियों ने फूंका सरकार का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर मंगलवार को एसई कार्यालय पर बिजली कर्मचारियों एवं इंजीनियरों द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी बिजली कर्मियों ने इलेवन कंपनी को लाइसेंस देने के विरोध में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री, सीएम, एचईआरसी अध्यक्ष का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सर्कल सचिव धर्मभीर भंभेवा, सुनील छाछिया, विकास मलिक ने सयुंक्त रूप से की। जबकि मंच संचालन सर्कल सचिव अनिल पूनिया ने किया। सभा को संबोधित करते हुए उपप्रधान संजीव ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा बिजली क्षेत्र में लिए जा रहे कर्मचारी एवं उपभोक्ता विरोधी निर्णयों, स्मार्ट मीटर योजना, बिजली वितरण निगमों के पुनर्गठन, पावर लाइसेंस जारी करने तथा कर्मचारियों की लंबित मांगों की लगातार अनदेखी के कारण कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि सरकार ने समय रहते कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया है। जिससे आंदोलन को और तेज किया गया है। सभा में विभिन्न कर्मचारी एवं किसान संगठनों के नेताओं ने पहुँचकर अपना समर्थन दिया। वक्ताओं ने कहा कि बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों की एकजुटता ही इस आंदोलन की सबसे बड़ी ताकत है। इस मौके पर वीरेंद्र गोयत, कृष्ण नैन, राजा शामदो, संदीप, अजय महंदिया, राकेश ईक्कस, विक्रम, राजबीर ढिल्लो, संदीप गिल, कर्मबीर कपड़ो, कपिल ढुल आदि मौजूद थे।

गाड़ी सीट मेकिंग दुकान में लगी आग, लाखों रुपये का माल जला

खाना खाने गया था मालिक, शार्ट सार्किट से लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रोहतक-भिवानी रोड रेलवे ओवरब्रिज के निकट बीती देर रात शीट बनाने के दुकान में शार्ट सर्किट से आग भड़क उठी। जब तक सूचना पाकर फायर बिग्रेड की गाडिय़ां मौके पर पहुंचती तब तक दुकान में रखा लाखों रुपये कीमत का माल जलकर राख हो चुका था। आग के कारण दुकान को भी काफी नुकसान पहुचा है। रोहतक-भिवानी रोड रेलवे ओवरब्रिज के निकट सीट बनाने की दुकान में बीती देर रात आग भड़क उठी। घटना की के दौरान दुकान मालिक खाना खाने गया हुआ था। पड़ोसी दुकानदारों ने दुकान से आग की लपटें तथा धुआं



उठाता दिखाई दिया तो उन्होंने सूचना दुकान मालिक तथा फायर बिग्रेड को दी। आसपास के दुकानदारों ने आग पर अपने स्तर पर आग पर काबू पाने की कोशिश भी की लेकिन सीट बनाने का कच्चा मैटिरियल होने के कारण आग तेजी से फैल गई और पूरी दुकान को अपनी चपेट मे ले लिया। कुछ समय के बाद सूचना पाकर फायर बिग्रेड की दो गाडिय़ां मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दुकान में रखा लाखों रुपये कीमत की सीटें जल कर राख हो चुकी थी। दुकान की छत को भी काफी नुकसान पहुंचा है। दुकान के मालिक सुमेर ने बताया कि उसके आसपास कई ट्रक बॉडी मेकर हैं। सीटों की डिमांड भी बनी रहती है। वह रात को खाना खाने चला गया था। पीछे से दुकान में शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई। जिसमें लगभग 20 से 25 लाख रुपये का माल जल गया। फायर बिग्रेड की सूचना दी थी। व्यक्ति को भी भेजा गया था। फायर बिग्रेड भी काफी देरी से पहुंची। वहीं फायर ब्रिगेड कर्मियो का कहना है कि डायल 112 से सूचना मिली थी।

खाना बनाते समय महिला आग से झुलसी

जींद। भिवानी रोड शर्मा नगर में मंगलवार शाम को खाना बनाते समय लगी आग से एक महिला झुलस गई। आग से रसोई में रखा फ्रिज में अन्य सामान जल गया। आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग के पीछे गैस सिलेंडर में गैस का रिसाव होना बताया जा रहा है। शर्मा नगर निवासी संजय की पत्नी संतोष (35) मंगलवार शाम को रसोई में खाना बना रही थी गैस रिसाव होने के कारण रसोई में आग भड़क उठी जिसने रसोई को अपनी चपेट में ले लिया जिसमें संतोष झुलस गई बचाव में शोर मचाए जाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और अपने स्तर पर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक रसोई में रखा फ्रिज वह अन्य समान जलकर राख हो गए। झुलसी संतोष को नजदीकी निजी अस्पताल ले जाया गया है। जहां पर प्राथमिक उपचार देकर उसे छुट्टी दे दी गई। आग की घटना में रसोई की छत को भी काफी नुकसान पहुंचा है। घटना की सूचना मिलकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है



कैथल। सीआईए कलायत पुलिस गिरफ्त में आरोपी। *फोटो :हरिभूमि*

कैथलः अवैध पटाखों की 125 पेटियों सहित आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अपराध शाखा कलायत की टीम ने गांव नरवल के पास कैथल-राजौंद रोड पर कार्रवाई करते एक पिकअप गाड़ी से अवैध पटाखों की 125 पेटियां बरामद की हैं। पुलिस ने पिकअप चालक को गिरफ्तार कर गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 19 अक्टूबर को सीआईए कलायत प्रभारी एएसआई मनीष कुमार की अगुवाई में पीएसआई सौरभ व सिपाही मंदीप सिंह की टीम को एक गुप्त सूचना मिली की एक सफेद रंग की महिंद्रा बोलेरो पिकअप गाड़ी नंबर PB11CY4157 में गांव नरवल से पटाखों की पेटियां लोड की जा रही हैं। सूचना के अनुसार, गाड़ी में रखे पटाखों के संबंध में चालक के पास कोई वैध लाइसेंस या परमिट नहीं था। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए रेडिंग पार्टी तैयार की। पुलिस टीम गांव नरवल से राजौंद की तरफ जा रही थी, तभी सामने से उक्त नंबर की पिकअप गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस टीम को देखकर चालक ने गाड़ी को गांव नरवल की गलियों में तेज गति और लापरवाही से भगाने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी का पीछा किया और साथी कर्मचारियों की सहायता से कैथल-राजौंद रोड पर पिकअप को काबू कर लिया। चालक की पहचान तरसेम सिंह निवासी गांव कमालपुर, जिला संगरूर, पंजाब के रूप में हुई। चालक से पूछताछ करने पर उसने गाड़ी में पटाखे होने की बात स्वीकार की।

ट्राले की टक्कर से स्कूटी सवार युवती की मौत, मां-बेटा घायल

- बनभौरी माता के दर्शन कर स्कूटी से कैथल लौट रहे थे तीनों स्कूटी पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना के सदर थाना के निकट तेजरफ्तार ट्राले की टक्कर से स्कूटी सवार युवती की मौत हो गई। जबकि मृतका के साथ सवार मां बेटा घायल हो गए। सदर थाना नरवाना पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर फरार ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बलराज नगर (कैथल) निवासी पलक (26) गांव खानपुर निवासी उसकी सहेली ममता, उसका बेटा तनिष्क (4) वर्ष गत दिवस स्कूटी पर पूजा अर्चना के लिए गांव बनभौरी गई थी। शाम को तीनों स्कूटी पर सवार होकर वापस कैथल लौट रही थी। नरवाना के सदर थाना से आगे हिसार-चंडीगढ़ पर पीछे से आ रहे तेजरफ्तार ट्राले ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें तीनों घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर चालक ट्राले समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने तीनो को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने पलक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया।

अकेडमी संचालक ने छात्र को पीटा, कान का फटा पर्दा

जींद। डीएसएल अकेडमी में नाबालिग छात्र की संचालक द्वारा बेरहमी से पिटाई करने का मामला सामने आया है। जिसमें छात्र के कान का पर्दा फट गया। छात्र की मां की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने अकेडमी संचालक तथा प्राचार्य के खिलाफ 75 जेजे एक्ट मारपीट करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गुरूग्राम निवासी आराधाना देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका नाबालिग बेटा पिछले चार साल से रोहतक रोड की डीएसएल अकेडमी में पढता है। गत छह को अकेडमी के संचालक दीपक लाठर ने उसके बेटे को छोटी सी गलती पर 12 कान पर थप्पड़ तथा 15 कोहनी कमर में मारी। कान पर मारने के कारण उसके बेटे के कान का पर्दा फट गया।

रास्ते में टार्चर करने तथा ब्लैकमेल कर परिजनों से राशि ऐंठने का आरोप

अवैध रूप से अमेरिका भेज साढ़े 49 लाख हड़पे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

युवक को अवैध रूप से अमेरिका भेजने तथा टॉर्चर कर साढ़े 49 लाख रुपये हड़पने पर गढ़ी थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव ढाबी टेकसिंह निवासी जयदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मुलाकात अगस्त 2024 में गांव परधाना (पानीपत) निवासी अनूप तथा उसके साले गांव अगवानपुर (सोनीपत) निवासी राहुल से हुई थी। दोनों ने उसे अमेरिका भेजने की की बात कही। जिसके लिए 45 लाख रुपये तय हुए। आरोपितों ने कहा कि रुपये अमेरिका जाने के बाद देने होंगे। आश्वासन के बाद आरोपितों ने नौ सितंबर 2024 को उसे फ्लाइट से सूरीनाम भेज दिया। जिस डोंकर के पास रात को वह ठहरा। उस डोंकर की डिमांड पर उसके परिजनों ने राहुल के खाते में 12 लाख रुपये डलवा दिए। जिसके बाद माफिया के नाम से धमकी देकर उसे कार तथा जंगलों के रास्ते अमेरिका के लिए रवाना किया। एक अक्टूबर 2024 को उसके परिजनों से फिर चार लाख रुपये वसूले गए। जिसके बाद उसके परिजनो से रुपये से वसूली की जाती रही। पनामा जंगलों में उसे पिटवाया गया। फिर से परिजनों से 15 लाख रुपये राहुल को दिए गए। किसी तरह वह 17 जनवरी 2025 को वह मैक्सिको पहुंचा। अनूप के कहने पर माफिया ने उसे 11 मार्च 2025 तक बंधक बना कर रखा। उसके साथ मारपीट की गई।

ऑनलाइन सरिया खरीदना पड़ा महंगा

जींद। एक व्यक्ति को ऑनलाइन सरिया खरीदना एक व्यक्ति को मंहगा पड़ गया। न तो सरिया आया और चार लाख 77 हजार रुपये की राशि को भी हड़प लिया गया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सैक्टर सात निवासी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे मकान निर्माण के लिए सरिये की जरूरत थी। उसने फेसबुक पर सरिया की एड देखी थी। जिसमें सरिया सस्ता बताया गया था। उसने गूगल सर्च के माध्यम से फोन नंबर लेकर संपर्क साधा। बातचीत के बाद रेट तय हो गया। उसने सरिया का ऑर्डर कर दिया। जिसके बाद उसने आरोपितों द्वारा दिए गए खाते में चार लाख 77 हजार 100 रुपये ट्रांसफर कर दिए। बावजूद इसके उसका सरिया नही पहुंचा। उसने आरोपितों से संपर्क किया तो उन्होंने फोन भी उठाना बंद कर दिया।

खबर संक्षेप

पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित

कैथल। महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी सपना ने बताया कि विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इन पुरस्कारों के लिए पात्र महिलाओं से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। 5 नवंबर 2026 तक वेबसाईट पर ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं।

दशहरा पर्व के उपलक्ष में यज्ञ का आयोजन किया

नरवाना। आर्य समाज नरवाना द्वारा राजकीय महाविद्यालय नरवाना के आवासीय परिसर में दशहरा पर्व के उपलक्ष में यज्ञ हवन कार्यक्रम को आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान चंद्रकांत आर्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति में उत्सवों का प्रकृति की व्यवस्था अनुसार शास्त्रीय विधान है। दशहरा त्यौहार शतपथ ब्राह्मण के अस्तों मा सद्गय तमसो मा ज्योतिर्गमय मृत्योर्मामृतं गमयेति के अनुसार असत्य से सत्य, अंधकार से प्रकाश और मृत्यु से मोक्ष आनंद को प्राप्त करने का संदेश देता है। वेद में वीर भोग्या वसुंधरा,कृण्वन्तो विश्वं आर्यं, माता भूमि पुत्रों अहम पृथ्वीया के सिद्धांत अनुसार राष्ट्र को दसों दिशाओं के शत्रुओं से सुरक्षित करने का आदेश है।

पति-ससुर पर सामान जलाने का आरोप

कैथल। गांव कठवाड़ में एक महिला ने अपने पति और ससुर पर घर का ताला तोड़कर घरेलू सामान में आग लगाने और सोने-चांदी के जेवर चोरी करने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता के अनुसार, घटना 16 अक्टूबर की है। आरोपियों ने उसके घर में रखे फ्रिज, कूलर और वॉशिंग मशीन को आग लगा दी। साथ ही बेटी के लिए बनवाकर रखे जेवर भी निकालकर ले गए। महिला ने कुल करीब 1.05 लाख रुपए का नुकसान होने की बात कही है।

लाडो लक्ष्मीः दूसरे चरण में बढ़ा पात्रता का दायरा

जींद। हरियाणा सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के दूसरे चरण की शुरुआत कर दी है। योजना के नए चरण में पात्रता का दायरा बढ़ाया गया है। अब 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक पारिवारिक आय वाली महिलाएं भी योजना के तहत आवेदन कर सकती हैं। पात्र महिलाओं को हर माह 2100 रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि योजना के दूसरे चरण के लिए प्रदेशभर में पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

गुहला-चीका। चीका थाना क्षेत्र के एक गांव से 28 वर्षीय विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। विवाहिता की मां दिलवारों ने पुलिस को शिकायत देकर बेटी की तलाश करने की गुहार लगाई है। शिकायत के आधार पर चीका थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में विवाहिता की मां ने बताया कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है और उसकी तीन बेटियां हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। उसकी सबसे बड़ी बेटी अपने पति के साथ उसके घर पर ही रह रही थी। दामाद पंजाब के मलोट का रहने वाला है। 19 अक्टूबर को बेटी बिना बताए घर से कहीं चली गई।

संगठन की गतिविधियों को लेकर मंथन किया

राजौंद। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसो के प्रधान जगजीत फौजी ने पूर्व सैनिक साथियों के साथ बैठक कर एसो की आगामी गतिविधियों तथा संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। पूर्व सैनिकों की समस्याओं, संगठन की गतिविधियों और कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। जगजीत फौजी ने बताया कि 21 को द्वितीय राजपूत रेजीमेंट के शहीद सिपाही जिले सिंह क्योड़क और शहीद सिपाही बलदेव सिंह मलिकपुर को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

27 अक्टूबर से शुरू होगा प्राथमिक शिक्षकों का छह दिवसीय विशेष प्रशिक्षण

बच्चों की कमजोर दक्षताओं को सुधारने पर रहेगा विशेष फोकस

जिले के 423 प्राथमिक विद्यालयों के 1691 शिक्षक लेंगे हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शिक्षा के स्तर को सुदृढ़ करने और प्राथमिक कक्षाओं के नौनिहालों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) में दक्ष बनाने के लिए शिक्षा विभाग ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत जिले के प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के लिए आगामी 27 अक्टूबर से छह दिवसीय विशेष आवासीय एवं गैर-आवासीय प्रशिक्षण शिविरों का शुभारंभ होने जा रहा है। इस संबंध में जिला समन्वयक (एफएलएन) राजेश वशिष्ठ ने विस्तृत जानकारी सांझा करते हुए बताया कि प्रशिक्षण को लेकर शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन ने सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं।जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को आधिकारिक पत्र जारी कर दिया गया है। निदेशालय के स्पष्ट निर्देशों के अनुसार, सभी संबंधित खंडों में प्रशिक्षण स्थलों का चयन और शिक्षकों के बैचों का गठन समय पर पूरा करने के आदेश दे दिए गए हैं। यह पूरा प्रशिक्षण कार्यक्रम बच्चों की पठन-पाठन और गणितीय कमजोरियों को बारीकी से जानने, समझने और उन्हें दूर करने की आधुनिक शिक्षण पद्धतियों पर आधारित होगा। खंडवार इस प्रकार रहेगा शिक्षकों और बैचों का गणित जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने आंकड़ों की जानकारी देते हुए बताया कि इस महत्वाकांक्षी प्रशिक्षण कार्यक्रम में जींद जिले के कुल 423 प्राथमिक विद्यालयों के 1,691 प्राथमिक शिक्षक हिस्सा लेंगे। सुचारू रूप से प्रशिक्षण संपन्न हो सके, इसके लिए शिक्षकों को कुल 43 अलग-अलग बैचों में विभाजित किया गया है। खंडवार विवरणः 1. खंड जींद : जिले के सबसे बड़े इस खंड में सबसे अधिक 393 शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इनके लिए कुल 10 बैच बनाए गए हैं। 2. खंड उचाना : उचाना खंड से 319 प्राथमिक शिक्षक हिस्सा लेंगे, जिन्हें 8 विभिन्न बैचों में बांटा गया है। 3. खंड नरवाना : नरवाना खंड के 312 शिक्षक आठ बैचों के माध्यम से इस प्रशिक्षण का लाभ उठाएंगे। 4. खंड जुलाना : जुलाना खंड के 208 शिक्षक कुल पांच बैचों में प्रशिक्षण लेंगे। 5. खंड सफीदों : सफीदों खंड से 206 प्राथमिक शिक्षकों को शामिल किया गया है, जिनके लिए पांच बैच निर्धारित किए गए हैं। 6. खंड अलेवा : अलेवा खंड के 145 शिक्षक चार बैचों में प्रशिक्षण ग्रहण करेंगे। खंड पिल्लूखेड़ा : पिल्लूखेड़ा खंड के 108 प्राथमिक शिक्षकों के लिए तीन बैच बनाए गए हैं। प्रशासनिक स्तर पर रहेगी कड़ी नजर, ऑनलाइन दर्ज होंगे सभी बैच निदेशालय के सख्त दिशा-निर्देशों के तहत इस प्रशिक्षण की पारदर्शिता और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सभी खंडों के प्रशिक्षण बैचों का डेटा और उपस्थिति ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज की जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जा सके। प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए उद्घाटन सत्र को लेकर विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। प्रत्येक बैच के पहले दिन कार्यक्रम का शुभारंभ गरिमापूर्ण तरीके से करने के लिए उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त अथवा संबंधित उपमंडल अधिकारियों से उद्घाटन करवाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि शिक्षकों का मनोबल ऊंचा रहे और शिक्षा के प्रति शासन की प्रतिबद्धता जमीनी स्तर पर दिखाई दे।



जींद। बैठक लेते हुए जिला समन्वयक (एफएलएन) राजेश वशिष्ठ।

क्यों जरूरी प्रशिक्षण

जिला समन्वयक (एफएलएन) राजेश वशिष्ठ ने बताया कि प्राथमिक स्तर पर ही यदि बच्चे की नींव मजबूत हो जाए, तो आगे चल कर उसकी पठन-पाठन की क्षमता में अभूतपूर्व सुधार होता है। कई बार शिक्षक पारंपरिक तरीकों से पढ़ाते हैं, जिससे कमजोर बच्चों की विशेष कठिनाइयां छिप जाती हैं। इस छह दिवसीय प्रशिक्षण में शिक्षकों को खेल-खेल में शिक्षण, गतिविधि आधारित अधिगम और सुधारात्मक शिक्षण के गुर सिखाए जाएंगे। उन्होंने सभी संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों और शिक्षकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि यानी 27 अक्टूबर से शुरू हो रहे इन प्रशिक्षण शिविरों में समयबद्ध रूप से अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें और निपुण मिशन के लक्ष्यों को धरातल पर उतारने में अपना पूरा योगदान दें।

निरीक्षण का कड़ा पहरा

यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रशिक्षण केवल औपचारिकता बनकर न रह जाए और इसका सीधा लाभ स्कूलों के बच्चों को मिले, विभाग ने बहुस्तरीय निगरानी प्रणाली तैयार की है। जिला मौलिक शिक्षा कार्यालय की विशेष टीमें लगातार अलग-अलग प्रशिक्षण स्थलों का औचक निरीक्षण करेंगी। जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) की तरफ से भी विशेष मॉनिटरिंग दल गठित किए गए हैं जो प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर नजर रखेंगे। निदेशालय स्तर के वरिष्ठ अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से प्रशिक्षण सत्रों और स्थलों की लाइव मॉनिटरिंग करेंगे, जिससे हर गतिविधि पर मुख्यालय से सीधी नजर रखी जा सकेगी।



जुलाना। सरकार का पुतला फूंकते ग्रामीण सफाईकर्मी। *फोटो :हरिभूमि*

दो माह से वेतन नहीं मिलने पर दिया धरना

- वेतन नहीं मिलने से नाराज ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने फूंका सरकार का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को पिछले दो माह से वेतन नहीं मिलने के रोष स्वरूप मंगलवार को बीडीपीओ कार्यालय पर सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान ग्रामीण सफाई कर्मियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने जल्द से जल्द बकाया वेतन जारी करने की मांग उठाई। धरने की अध्यक्षता मजदूर नेता सुभाष पांचाल ने की। इस दौरान ग्रामीण सफाई कर्मचारी बीडीपीओ कार्यालय में एकत्रित हुए। यहां से सभी कर्मचारी नारेबाजी करते हुए लेबर शेड पहुंचे। कर्मचारियों ने सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि दो माह से वेतन नहीं मिलने के कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सफाई कर्मचारी गांवों में सफाई व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाते हैं लेकिन समय पर वेतन नहीं मिलने से उनके सामने परिवार का खर्च चलाना भी मुश्किल हो रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि महंगाई के इस दौर में वेतन ही उनके परिवारों की आजीविका का मुख्य साधन है। ऐसे में लगातार दो माह तक वेतन नहीं मिलना उनके लिए गंभीर समस्या बन गया है। कर्मचारियों को घर का खर्च चलाने के साथ-साथ बच्चों की पढ़ाई और अन्य जरूरी खर्चों का भी प्रबंध करना पड़ता है। वेतन में देरी के कारण उन्हें आर्थिक संकट से गुजरना पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने मांग की कि उनका बकाया वेतन जल्द जारी किया जाए ताकि उन्हें आर्थिक परेशानियों से राहत मिल सके। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांग का समाधान नहीं होताए तब तक उनका धरना जारी रहेगा।

नर्वाण महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने दी पूर्णाहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि बलिदान कर दो मां के चरणों में अपने स्वार्थ व दुर्गुणों को। बलि चढ़ा दो अपने काम-क्रोध, लोभ, मोह,व हिंसक प्रवृति की। मां तुम्हारे इन अवगुणों को नष्ट कर दे, ऐसी मां से प्रार्थना करो। आचार्य पवन शर्मा माता वैष्णवी धाम में दुर्गाष्टमी व महानवमी की संयुक्त रात्रि में नवार्ण महायज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। पूर्व एडिशनल आईजी डीएन बेनीवाल ने महायज्ञ में पूर्णाहुति दी। उनके अलावा अशोक गुलाटी, अशोक सिंगला, राजबीर सिंह तंवर, सुरेश कोचर, मिकिन अरोड़ा ने सपरिवार मां सिद्धिदात्री की आराधना कर नवार्ण महायज्ञ में आहुति दी। आचार्य ने कहा कि हम नवरात्रों में जिस कन्या के स्वरूप की मां मानकर पूजा करते हैं, व्यवहारिक जीवन में हम उसे केवल उपभोग की वस्तु मान बैठे हैं। हम नवरात्रि में नवदुर्गा स्वरूपा कन्याओं के पांव पखारते हैं, उन्हें स्वादिष्ट व्यंजन खिलाते हैं, उन्हें भांति-भांति के उपहार देते हैं, उनसे आशीष लेते हैं। किंतु क्या ये मात्र नौ दिनों तक ही सीमित रहना चाहिए। नवरात्रि में हम अखंड दीप जला कर मां के भवन को प्रकाषित करते हैं। किंतु उसके साथ-साथ क्या यह भी जरूरी नहीं है कि हम अपने अंतर्मन जिसमें मां की सुंदर मूर्त विराजमान है।



जींद। माता वैष्णवी धाम में मौजूद श्रद्धालु। *फोटो :हरिभूमि*

राष्ट्र रक्षा और क्षत्रिय परंपरा का दिया संदेश

जिप चेयरपर्सन प्रतिनिधि रंधावा ने हरी झंडी दिखा कर बाइक रैली को रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दशहरा के मौके पर मंगलवार को आर्य महासंघ के तत्वावधान में राष्ट्रीय आर्य क्षत्रिय सभा जींद की ओर से युवा बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली एकलव्य स्टेडियम में स्वराज्य यज्ञ के साथ कार्यक्रम हुआ। इसके बाद मुख्यातिथि आर्य सुरेंद्र किनाना और विशिष्ट अतिथि जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा ने हरी झंडी दिखा कर बाइक रैली को रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने युवाओं को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने और समाज में जागरूकता लाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आचार्य कुलवीर ने युवाओं में उत्साह का संचार करते हुए कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपरा में भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण जैसे महापुरुषों का विशेष स्थान है। क्षत्रिय परंपरा को राष्ट्र की रक्षा और सुरक्षा से जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि जब तक देश में यह परंपरा मजबूत रही, तब तक भारत विश्वगुरु के रूप में प्रतिष्ठित रहा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे देश की संस्कृतिए गौरव और राष्ट्रीय मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। मुख्यातिथि आर्य सुरेंद्र किनाना ने कहा कि विजयदशमी केवल एक पर्व नही बल्कि आर्य पूर्वजों की परंपरा और आदर्शों को याद करने का अवसर है। देश के प्रत्येक युवक और युवती को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझना चाहिए। राष्ट्रीय आर्य क्षत्रिय सभा का उद्देश्य युवाओं में क्षत्रियत्व, साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना जागृत करना है। इस मौके पर आर्य राजेश किनाना, दीपक शास्त्री, आर्य कुलविंद्र खटक, राकेश बूरा आदि मौजूद रहे।



जींद। बाइक रैली से पहले कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। *फोटो :हरिभूमि*



जींद। भगवान श्रीराम कथा के अंतिम दिन का श्रवण करते हुए श्रद्धालु।

श्रीराम कथा से मर्यादा में रहने और जीने का संदेश

जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय में आयोजित दस दिवसीय संगीतमय श्री रामकथा महायज्ञ का अंतिम दिन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के माहौल में संपन्न हुआ। कथा के अंतिम दिन पूज्य कथा व्यास मधुरेश दास महाराज के मुखारविंद से श्रीराम कथा का रसपान करने श्रद्धालु पहुंचे। कथा के उपरांत विधि विधान से हवन, पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा व्यास मधुरेश दास ने अंतिम दिन कथा विश्राम पर प्रवचन देते हुए कहा कि भगवान श्रीराम का संपूर्ण चरित्र मानव समाज को धर्म, सत्य और मर्यादा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। श्रीराम ने एक आदर्श पुत्र, भाई, पति और राजा के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए यह सिखाया कि विषम परिस्थितियों में भी अपनी मर्यादाओं का त्याग नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहाए यदि मनुष्य श्रीराम के जीवन.मूल्यों और उनके बताए मर्यादा के मार्ग को अपने आचरण में उतार ले तो समाज से सभी विकृतियां और अशांति स्वतः ही समाप्त हो सकती हैं। रामकथा केवल सुनने का विषय नहीं बल्कि जीवन में जीने की कला है।

विजेताओं को किया सम्मानित

- अग्रोहा महिला इकाई ने मचाया धार्मिक डांडिया का धमाल : बंसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

अग्रोहा धाम ट्रस्ट प्रचार मंत्री हैंड टू हैंड सपोर्ट फेडरेशन स्टेट सीनियर प्रेसिडेंट राजेंद्र गुप्ता अमरगढ़ वाला एवं अग्रोहा ट्रस्ट नरवाना महिला इकाई अध्यक्ष नीलम बंसल ने बताया कि लक्ष्मी रिजार्ट हिसार रोड नरवाना में धार्मिक व सांस्कृतिक डांडिया का शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जग जननी माता व कृष्णा राधा के साथ सैकड़ों महिलाओं ने धार्मिक मस्ती का आनंद लिया। उन्होंने बताया कि कमलदीप राणा डीएसपी नरवाना व रोहतास जांगड़ा डीएसपी कलायत



इस कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित रहे तथा उन्होंने पूरे कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंडी प्रधान जयदेव बंसल, पार्षद सतीश गोयल उझाना, भाजपा नेता मोहनलाल गर्ग, तनु मैडम, गेस्ट ऑफ ओनर रोहतास सिंगला, राजेश सिंगला, उपेंद्र गर्ग, राजेंद्र पीएनबी रहे। नीलम बंसल, रेखा मित्तल, संजना, रचना गोयल, मंजू, रूपाली, सुमन व टीम की सभी पदाधिकारियों ने पूरे कार्यक्रम में समन्वय बनाए रखा। नीलम बंसल ने बताया कि संस्था के संरक्षक राजेंद्र गुप्ता अमरगढ़ वाला की अगुवाई में सभी अतिथियों को बुके व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। डांडिया, तंबोला व अन्य गेम में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में समां बांधने वाली सभी लड़कियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संस्था संरक्षक राजेंद्र गुप्ता अमरगढ़ वाला व अध्यक्ष नीलम बंसल ने सभी मेहमानों व प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। सभी ने लजीज पकवानों का भरपूर आनंद लिया गया। नरवाना में इस प्रकार के सात्विक कार्यक्रम की सबने सराहना की।



जींद। जरूरतमंद महिलाओं को चैक वितिरित करते हुए एडीसी प्रदीप कुमार।

असमर्थ महिलाओं को गेहूं खरीदने के लिए चेक दिए

जींद। असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट की ओर से दशहरे के अवसर पर नरवाना रोड पर संस्था का 30वां वार्षिक अन्न वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जरूरतमंद एवं असमर्थ महिलाओं की सहायता करते हुए उन्हें आर्थिक सहयोग और सर्दी से बचाव के लिए कंबल वितरित किए गए। संस्था के प्रधान राहुल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के मुख्य संरक्षक तेलुराम शर्मा ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में एडीसी प्रदीप कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में पूर्व कमांडेंट रमाकांत शर्मा, जिला परिषद जींद के पूर्व चेयरमैन सुनील शर्मा, राजेश पहलवान, सुरेंद्र सिंह नाड़ाए ने शिरकत की। उन्होंने बताया कि जींद शहर की विभिन्न कॉलोनियों से पंजीकृत 40 असमर्थ महिलाओं को गेहूं खरीदने के लिए प्रत्येक महिला को 2,575 रुपये का चेक प्रदान किया गया ताकि वे अपनी जरूरत के अनुसार गेहूं खरीद सकें। इसके अतिरिक्त आने वाली सर्दी से महिलाओं को राहत दिलाने के उद्देश्य से कंबल खरीदकर सभी महिलाओं को एक-एक कंबल वितरित किए गए।

24वें विशाल जागरण में डिप्टी स्पीकर, समाजसेवी राजकुमार गोयल ने की शिरकत

मां भगवती के भजनों और जयकारों से गूंजा न्यू कृष्णा कॉलोनी का मंदिर

वर्षों से चली आ रही परंपरा श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

न्यू कृष्णा कॉलोनी स्थित मां भगवती मंदिर में 24वें विशाल मां भगवती जागरण एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। धार्मिक कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा और अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जागरण के दौरान मां भगवती की भेंटों और जयकारों से पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ विधि, विधान के साथ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। राजकुमार गोयल ने मां भगवती की ज्योत प्रज्वलित की। मंदिर के प्रमुख पुजारी अनिल पुजारी के सान्निध्य में आयोजित जागरण में भजन गायिका गीतू शर्मा, गायक जगदीप हरियाणवी और सोनू दुब्बलिया ने अपनी मधुर आवाज में मां भगवती की भेंटों का गुणगान किया। कलाकारों की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए और पूरा परिसर माता के जयकारों से गूंजता रहा। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा और राजकुमार गोयल ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, सेवा भावना और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करते हैं। ऐसे कार्यक्रम लोगों को अपनी संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जोडऩे के साथ मिलजुल कर रहने की प्रेरणा भी देते हैं। कहा कि मां भगवती जागरण की 24 वर्षों से चली आ रही परंपरा श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। जागरण से पहले भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों जयपाल खोबड़ा और बलजीत रधाना ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्था के पदाधिकारी पिछले एक महीने से तैयारियों में जुटे हुए थे। श्रद्धालुओं के सहयोग और सहभागिता से धार्मिक आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।



जागरण में मुख्य अतिथि डॉ.कृष्ण मिड्ढा व राजकुमार गोयल और अन्य श्रद्धालु।



नरवाना। पथ संचलन करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

नरवाना में मनाया संघ का 101वां स्थापना दिवस

नरवाना। स्थानीय एस डी कन्या महाविद्यालय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, नरवाना के स्वयंसेवकों ने संघ का स्थापना दिवस मनाया। जिसमें नगर प्रचार प्रमुख निखिल ने बताया कि विजयदशमी के दिन नरवाना में दो भागों में एक केशव नगर में, दूसरा माधव नगर में शस्त्र पूजन का कार्यक्रम रहा। राजेश बागड़ी की अध्यक्षता में एस डी कन्या महाविद्यालय में केशव नगर के कार्यक्रम में ओमप्रकाश रेवर ने बताया कि संघ अपने कार्यकर्ताओं के द्वारा हर गांव और बस्ती के प्रत्येक घर तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है । वही आदर्श बाल मंदिर में रोहतास चोपड़ा की अध्यक्षता में माधव नगर के कार्यक्रम में जिला कार्यवाह विवेक ने बताया कि संघ इस समय पंच परिवर्तन पर कार्य कर रहा है। नगर कार्यवाह अजीत, दीपांकर के अनुसार कार्यक्रम के बाद दोनों जगह से सुंदर पथ संचलन करते हुए स्वयंसेवक अपने-अपने स्थान से निकले और तालमेल के साथ एक ही समय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस पर पहुंचकर वहाँ से आगे बाजार की ओर बढ़े। सह जिला प्रचार प्रमुख गौरवदीप ने बताया कि आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम को संपन्न किया।

अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का दिया संदेश

बिरथे बाहरी में धूमधाम से मनाया गया दशहरा, शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

- रावण वध का दृश्य देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

गांव बीरथे बाहरी में बाल रामलीला क्लब की ओर से आयोजित रामलीला के 11वें दिन दशहरा पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश देते हुए भगवान श्रीराम ने लंकापति रावण का वध किया। रावण वध का दृश्य देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। रावण के पुतले के दहन और भगवान श्रीराम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। पिछले 11 दिनों से चल रही रामलीला के दौरान स्थानीय कलाकारों ने विभिन्न पात्रों का जीवंत मंचन कर दर्शकों का मन मोह लिया। संजय कुमार, सूरज, कुलवंत सिंह, विजय कुमार, अरुण कुमार और पूर्व सरपंच रामचंद्र ने अपने-अपने किरदारों में शानदार अभिनय किया। कलाकारों के प्रभावी संवाद और भावपूर्ण अभिनय से रामायण के प्रमुख प्रसंग मंच पर जीवंत हो उठे। दशहरा पर्व के अवसर पर रावण वध के बाद बाल रामलीला क्लब की ओर से गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, वीर हनुमान और वानर सेना की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। शोभायात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर झांकियों का स्वागत किया और भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण व हनुमान के दर्शन किए।



राजौंद। गांव बिरथे बाहरी में दशहरा पर्व के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा में शामिल भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान। फोटो: हरिभूमि

धार्मिक भजनों से माहौल बना भक्तिमय

ढोल-नगाड़ों की थाप और धार्मिक भजनों से गांव का माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। शोभायात्रा में युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान ग्रामीणों में दशहरा पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजन को सफल बनाने में ग्राम प्रधान राजेश कुमार और प्रबंधक मास्टर बख्शी राम का विशेष मार्गदर्शन और सहयोग रहा। आयोजन समिति ने बताया कि रामलीला का उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और भगवान श्रीराम के आदर्शों से जोड़ना है। आयोजन में गांव के युवाओं, बुजुर्गों और गणमान्य लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया।



पूंडरी। कार्यक्रम में भाग लेते हुए मुख्यातिथि व अन्य। फोटो: हरिभूमि

गुरु नानक पब्लिक स्कूल में डांडिया के साथ मनाया दशहरा व नवरात्रि पर्व

पूंडरी। गांव फरल स्थित गुरु नानक पब्लिक स्कूल में दशहरा व नवरात्रि पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में बच्चों की माताओं के लिए विशेष डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला सचिव निधि मोहन ने शिरकत की, जबकि कैथल से डॉ. विनय गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्रिंसिपल ऋतु बंसल ने की। स्कूल प्रबंधक सतेंद्र साहू ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए डांडिया के साथ विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। महिलाओं ने पारंपरिक अंदाज में डांडिया खेलकर पर्व की खुशियां साझा कीं। प्रतियोगिताओं में विजेता रहने वाली महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि निधि मोहन ने नवरात्रि और दशहरे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये पर्व हमें अपनी संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक मूल्यों से जुड़े रहने की प्रेरणा देते हैं।

बाबा लदाना स्थित डेरा राजपुरी में आस्था का सैलाब उमड़ा

तीन दिवसीय वार्षिक मेले का हुआ आगाज





हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

कैथल। मेले को लेकर सजाया गया गांव बाबा लदाना का डेरा बाबा राजपुरी।

दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में बाबा लदाना स्थित डेरा राजपुरी में तीन दिवसीय वार्षिक मेले का आगाज होते ही आस्था का सैलाब उमड़ा। मंगलवार दोपहर बाद शुरू हुए मेले के पहले दिन 20 हजार श्रद्धालुओं ने डेरे में पहुंचकर बाबा राजपुरी की समाधि पर माथा टेका और दूध चढ़ाकर मन्नतें मांगीं। पहले दिन 15 क्विंटल दूध चढ़ाया गया। मेले में श्रद्धालुओं की आवाजाही के साथ परिसर में दुकानें भी सज गई हैं, जहां महिलाओं और बच्चों ने खरीदारी की। मेले के दूसरे दिन एकादशी पर अलग-अलग स्थानों से साधु-संत डेरे में पहुंचेंगे।

उनके लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। एकादशी पर पुरुष पूजा-अर्चना करेंगे, जबकि द्वादशी पर केवल महिलाएं पूजा कर सकेंगी। इसके साथ ही पूजा-अर्चना के बाद शाम के समय मेले का समापन होगा। इस दौरान पुरुषों का प्रवेश निषेध रहेगा। मेले में तीनों दिन श्रद्धालु समाधि पर दूध चढ़ाकर मनोकामना पूर्ति और पशुधन में वृद्धि की कामना करते हैं।

मेले को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की है। मेले के आसपास अलग-अलग स्थानों पर 5 नाके लगाए गए हैं और 150 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रोडवेज की ओर से विशेष बसें भी चलाई जाएंगी।

दशहरे से द्वादशी तक चलता है मेला

डेरे के महंत महेश पुरी ने बताया कि दशहरे से द्वादशी तक हर साल तीन दिवसीय मेले का आयोजन होता है। मान्यता है कि माता हिंगलाज अष्टमी की रात डेरे के मंदिर में आती हैं और जाल के पेड़ पर धागा बांधकर जाती हैं। इसके बाद हवन-यज्ञ सहित धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। दशहरे के दिन मंदिर में स्थित जाल के पेड़ पर बाबा राजपुरी और माता हिंगलाज की पूजा कर ध्वजा चढ़ाई जाती है, जिसके साथ मेले की शुरुआत होती है। मेले के दौरान दिन-रात पूजा-पाठ चलता है और श्रद्धालु समाधि पर दूध, घी व मक्खन चढ़ाते हैं। ग्रामीण कृष्ण, जसबीर सिंह जस्सी ने बताया कि डेरे में श्रद्धालुओं के लिए सालभर दिन-रात भंडारा चलता है। श्रद्धालु डेरे की स्थापना के समय से ही यहां पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं।

खबर संक्षेप

फसल की खरीद नहीं होना विफलता : सहारण

राजौंद। कलायत हलका से कांग्रेस विधायक विकास सहारण ने सोमवार को राजौंद अनाज मंडी का दौरा कर किसानों से धान की खरीद व्यवस्था को लेकर बातचीत की। किसानों ने विधायक को मंडी में फसल की खरीद में आ रही परेशानियों और कई दिनों से फसल बिकने का इंतजार करने की जानकारी दी।विधायक विकास सहारण ने कहा कि मंडियों में किसानों के साथ सरकार की देखरेख में लूट चल रही है।



विरासत को जानो प्रतियोगिता हुई

कलायत। नौजवान भारत सभा के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कलायत के गांव सिमला स्थित सावित्रीबाई फुले पाठशाला की तरफ से विरासत को जानो सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस सफल आयोजन में कक्षा चौथी से बारहवीं तक के लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। तय कार्ययोजना अनुसार बच्चों को तीन अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित किया गया था। इसमें मुख्य रूप से क्रांतिकारी आंदोलन, भारतीय इतिहास और राजनीति से जुड़े सवाल पूछे गए।



साईं बाबा की 108वीं पुण्यतिथि पर भंडारा

कैथल। विजयदशमी और दशहरे के पावन पर्व पर, जब पूरा देश असत्य पर सत्य की विजय का उत्सव मना रहा था, वहीं दूसरी ओर कैथल की धरती पर भक्ति, मानवता और परोपकार का एक अद्भुत संगम देखने को मिला। अवसर था श्री साईं बाबा की 108वीं पुण्यतिथि का। शहर के पार्क रोड स्थित हनुमान मंदिर के सामने शहीद स्मारक के पास श्री साईं रसोई सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस पावन अनुष्ठान ने हर श्रद्धालु के दिल को भक्ति से सराबोर कर दिया।

महर्षि वाल्मीकि भवन की शुरूआत

- कलायत में एक करोड़ के बजट से मिली बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

कलायत शहर को दशहरा पर्व पर महर्षि वाल्मीकि सामुदायिक भवन की बड़ी सौगात मिली। इसके तहत वार्ड 8 मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि आश्रम के आंगन में करीब एक करोड़ के बजट से सामुदायिक भवन का निर्माण शुरू किया गया। इससे उत्साहित वार्ड 12 पार्षद अमित वाल्मीकि की मौजूदगी में समाज व शहर के लोगों ने खुशी जाहिर की। इस दौरान वार्ड 8 पार्षद महीपाल पंवार, मनोनीत पार्षद राजेश बेदी, प्रवीण कांसल, जंगा राम वाल्मीकि, सूरता वाल्मीकि, बिल्लू वाल्मीकि, जिले सिंह व अन्य गणमान्य लोगों ने निर्माण स्थल का दौरा किया। पार्षद अमित वाल्मीकि व महीपाल पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार ने वार्ड 8 में सामुदायिक भवन की सौगात दी है उससे हर कोई उत्साहित है।



कलायत। वार्ड 8 में महर्षि वाल्मीकि सामुदायिक भवन को लेकर शुरू किए गए कार्य का मुआयना करते जन प्रतिनिधि व गणमान्य लोग। फोटो: हरिभूमि

हर वर्ग को विकास के अवसर मिलेंगे : डांडा

प्रदेश की पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि सरकार की सोच हर वर्ग को विकास के अवसर प्रदान करना है। इसके साथ ही महापुरुषों की जयंतियां मनाने का सिलसिला भी भाजपा द्वारा शुरू किया गया। महर्षि वाल्मीकि आश्रम परिसर में अनुमानित एक करोड़ के बजट से बनने सामुदायिक भवन का निर्माण निश्चित रूप से समाज को आगे बढऩे के बेहतर अवसर प्रदान करेगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया शस्त्र पूजन

- विजयदशमी विजय, शक्ति और साहस का प्रतीक पर्व : घनश्याम

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

जयंती देवी मंदिर में विजयदशमी के अवसर पर मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बौद्धिक शिक्षण प्रमुख विभाग से घनश्याम ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि विजयदशमी विजय, शक्ति और साहस का प्रतीक पर्व है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छह प्रमुख उत्सवों में विजयदशमी का विशेष स्थान है। नवरात्रों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना के पश्चात मनाया जाने वाला यह पर्व हमें अन्याय पर विजयए शक्ति के सदुपयोग व धर्म और संस्कृति की रक्षा की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि शस्त्र पूजन हमारी सांस्कृतिक परंपरा और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य बोध का प्रतीक है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समाज के बीच पांच परिवर्तन के विषय को लेकर जन जागरण किया जा रहा है। इन परिवर्तनों के माध्यम से सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवनशैली व नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान विधिवत शस्त्र पूजन किया गया। इसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा अनुशासन व संगठन का संदेश देते हुए पथ संचलन निकाला गया।



जींद। जयंती देवी मंदिर में शस्त्र पूजन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

स्थापना दिवस मनाया

एसडी कन्या महाविद्यालय नरवाना में में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नरवाना के स्वयंसेवकों ने संघ का स्थापना दिवस मनाया। जिसमें नगर प्रचार प्रमुख निखिल ने बताया कि विजयदशमी के दिन नरवाना में दो भागों में एक केशव नगर में, दूसरा माधव नगर में शस्त्र पूजन का कार्यक्रम रहा। ओमप्रकाश रेवर ने बताया कि संघ अपने कार्यकर्ताओं के द्वारा हर गांव और बस्ती के प्रत्येक घर तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। वहीं आदर्श बाल मंदिर में रोहतास चोपड़ा की अध्यक्षता में माधव नगर के कार्यक्रम में जिला कार्यवाह विवेक ने बताया कि संघ इस समय पंच परिवर्तन पर कार्य कर रहा है।

बॉक्सिंग चैंपियनशिप में बहाया खूब पसीना

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

आर.के.एस.डी. पब्लिक स्कूल, कैथल में आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय बालिका बॉक्सिंग चैंपियनशिप-2026 का समापन समारोह उत्साह, खेल भावना और गौरवपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। 15 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग की प्रतिभाशाली बालिका मुक्केबाजों ने अपनी प्रतिभा, साहस, अनुशासन का प्रदर्शन किया। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से आई खिलाड़ियों ने पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खेल भावना, मेहनत और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। समापन समारोह में आर.के.एस.डी. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैनश्री अश्वनी शोरेवाला, सतीश बंसल, चीफ एडवाइजर साकेत मंगल, श्याम बंसल, पंकज बंसल, गगन मित्तल आदि उपस्थित रहे।



कैथल। बाक्सिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते पदाधिकारी।

खेल संघर्ष की भावना पैदा करते

अश्वनी शोरेवाला ने कहा कि सीबीएसई राष्ट्रीय बालिका बॉक्सिंग चैंपियनशिप बालिकाओं की प्रतिभा, साहस और आत्मविश्वास को प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट मंच है। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, धैर्य, नेतृत्व क्षमता और संघर्ष करने की भावना विकसित करते हैं। बालिकाओं ने अपने शानदार प्रदर्शन से यह सिद्ध कर दिया है कि वे किसी भी क्षेत्र में अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर सफलता प्राप्त कर सकती हैं।

कैथल से पदक विजेता खिलाड़ियों का विवरण

- निष्ठा तंवर - 45 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक।
- प्रिया - 69 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक।
- महक - 48 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक।
- यशी - 51 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक।
- दलिशा माजरा - 60 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक।
- रिद्धिमा - 75 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक।
- मानवी - 66 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक।

अधिकारों के प्रति जागरूकता जरूरी

- गांव भागल में कानूनी साक्षरता शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला-चीका

गांव भागल में कानूनी साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, भूमि संबंधी कानूनों तथा बैंकों से मिलने वाले ऋण से जुड़े नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पैनल अधिवक्ता जीवन सिंह नैन ने कहा कि उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम बनाया गया है। इसके तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है।



गुहला-चीका। कानूनी साक्षरता शिविर में ग्रामीणों को कानूनी जानकारी देते पैनल अधिवक्ता जीवन सिंह नैन। फोटो: हरिभूमि

दिशा-निर्देशों की ग्रामीणों को दी जानकारी

उन्होंने भूमि संबंधी कानूनों, फसलों की बिक्री तथा इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के बारे में भी ग्रामीणों को जानकारी दी। इस अवसर पर संदीप पुनिया, सिंगारा सिंह, नेहा सिंह, ईश्वर सिंह, बाबूराम, सुरेश कुमार, दर्शन सिंह, सतबीर सिंह, महेंद्र सिंह, बलवान सिंह, चंद्रभान, बीराराम, नेक सिंह, पलाराम, रामधारी और करम सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

धान की बोरी चोरी करने वाले दो आरोपी काबू

कैथल। कैथल के जाखौली अड्डा स्थित नई अनाज मंडी में धान की बोरियां चोरी करने के मामले में अनाज मंडी चौकी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को काबू किया है। पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों को घटनास्थल पर ले जाकर वारदात स्थल की निशानदेही भी करवाई गई। चौकी अनाजमंडी पुलिस प्रभारी एएसआई जयपाल ने बताया की नई अनाज मंडी में गेट नंबर पांच के पास धान की बोरियों के ढेर से एक बोरी चोरी करने की वारदात सामने आई थी। वारदात की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई, जिसमें दो युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर मंडी में पहुंचते दिखाई दे रहे हैं। दोनों युवक धान की बोरियों के ढेर के पास मोटरसाइकिल रोककर कुछ देर तक आसपास नजर रखते हैं।

!!!! फल्गु तीर्थ स्थित सांई बाबा मंदिर में दशहरे पर लगाया भंडारा

नशे के कारोबार की सूचना दें ग्रामीण, सूचना देने वाले का नाम रखा जाएगा गुप्त : सतपाल जांबा

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

गांव फरल के फल्गु तीर्थ स्थित साँई बाबा मंदिर में दशहरे पर्व के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम और भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक सतपाल जांबा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि उनका एकमात्र उद्देश्य पूंडरी हलके का समग्र विकास करवाना है। विकास कार्यों के साथ-साथ समाज को नशामुक्त बनाना भी जरूरी है। आज नशा समाज के सामने गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। नशे के कारण युवा पीढ़ी का भविष्य प्रभावित हो रहा है और कई परिवारों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। ऐसे में यदि बच्चे नशे की दलदल में फंस जाते हैं तो पूरे परिवार पर इसका बुरा असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ उन्होंने अभियान चलाया हुआ है और इस मुहिम में किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्वों से डरने वाले नहीं हैं।



पूंडरी। फरल फल्गु तीर्थ पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विधायक सतपाल जांबा।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सरपंच लाभ सिंह जांबा, पूंडरी मंडल अध्यक्ष मनोज राणा, भाजपा नेत्री निधि मोहन, ओमप्रकाश, दिलबाग, कमल सैनी, बलबीर सैनी, गुरमुख सिंह, अशोक क्वात्रा, संजीव राणा, शक्ति राणा, योगेश, प्रदीप राणा और नरेंद्र राणा सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

भाईचारा मजबूत करें

विधायक ने कहा कि भारत की हिंदू सनातन संस्कृति का इतिहास गौरवशाली रहा है। समय-समय पर अनेक दिव्य आत्माओं ने यहां अवतरित होकर मानवता को नई दिशा और दशा देने का कार्य किया है। धार्मिक आयोजन समाज में संस्कार, सद्भाव और आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के आयोजक जगदीश क्वात्रा ने गांव की ओर से विधायक सतपाल जांबा का स्वागत किया। सरपंच प्रतिनिधि साहब सिंह राणा और प्रदीप राणा, सरदार हरविंदर सिंह ने उन्हें स्वरूप भेंट कर स्मृति चिह्न प्रदान किया।

एक की दिल्ली रैली में करें भागीदारी : प्रेम चंद

कैथल। सीपीआईएम की जिला बैठक कामरेड सत्यवान की अध्यक्षता में भगतसिंह भवन में हुई , बैठक को सम्बोधित करते हुए पार्टी के राज्य सचिव कामरेड प्रेम चन्द ने बताया कि एस आई आर के विरोध में व उसे रद्द करने, मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने व वोट के संवैधानिक अधिकार की रक्षा के लिए पिछले 18 ,20 दिनों से देश की राजधानी दिल्ली में तथा देश के सभी हिस्सों में आंदोलन चला हुआ है व दिन प्रतिदिन तेज़ हो रहा है,देश के छात्र युवाओं में भी भारी गुस्सा देखने को मिल रहा है । करोड़ों लोगों के वोट काट दिए गए हैं , छोटी छोटी कमियां होने पर मतदाताओं को नोटिस थमाए जा रहें हैं , उनकी वैरिफिकेशन होने में बहुत समय लगाया जा रहा है ,बंगाल में तो लगभग सत्ताईस लाख मतदाताओं को वोट से यह कहकर वंचित कर दिया गया कि इस चुनाव में नही तो अगले चुनाव में मतदान कर लेंगे।

खबर संक्षेप

जमीनी विवाद में दो भाइयों पर हमला

कैथल। गांव सलेमपुर की बेग्गा बस्ती में जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद सामने आया है। दो भाइयों ने 28 लोगों पर घर में जबरन घुसकर चारदीवारी गिराने, फसल व फलदार पेड़ नष्ट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। शिकायत के आधार पर गुहला थाना पुलिस ने 28 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गुरचरण सिंह और दर्शन सिंह ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2002 में छज्जू राम से बेग्गा बस्ती में 2 कनाल 11 मरले जमीन खरीदी थी। इस जमीन पर उनके रिहायशी मकान बने हुए हैं। 28 लोग लाठी-डंडों व हथियारों के साथ उनके मकान में घुस आए।

मंडी में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना जारी

नरवाना। नरवाना तहसील कार्यालय से स्थानांतरित होकर अनाज मंडी में सयुंक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में 16 वें दिन भी जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता रणधीर सिंह इस्माइलपुर ने की और मंच संचालन निहाल सिंह ने किया । मंच सांझा करते बताया कि मौजूदा सरकार का वायदा खिलाफी, नाफरमानी, बदसलूकी गैर जनहित के तगलुकी फरमान जारी करने का रिकॉर्ड बन चुका है। कल ही हरियाणा बिजली आयोग नियामक द्वारा हरियाणा में पहली बार हरियाणा विद्युत वितरण प्रणाली के समानांतर एक प्राइवेट कम्पनी को खड़ा किया गया है।

जिले में दशहरा उत्सव में उमड़ी भीड़; बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व : डीसी अपराजिता

धू-धू कर जला रावण, पुतले के साथ जलीं बुराइयां

रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का हुआ दहन, रंग-बिरंगी आतिशबाजी रही आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल






कैथल। कैथल के रामलीला मैदान में धू धू कर जलता रावण का पुतला तथा उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

श्रीराम दशहरा उत्सव समिति की ओर से चंदाना गेट स्थित रामलीला मैदान में दशहरा पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इसमें डीसी अपराजिता ने शिरकत की और जिलावासियों को दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, पूर्व हैफेड चेयरमैन कैलाश भगत, सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र धीमान सहित अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

डीसी अपराजिता ने कहा कि दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। भगवान श्रीराम के जीवन से हमें सत्य, मर्यादा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा मिलती है। यह पर्व हमें अपने जीवन में सदाचार अपनाने और बुराइयों का त्याग करने का संदेश देता है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव की भावना को मजबूत करते हैं। हमें सभी त्योहार मिल-जुलकर मनाने चाहिए और अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने जिलावासियों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाते हुए समाज में शांति, सद्भाव और भाईचारा बनाए रखना चाहिए। साथ ही, दशहरा पर्व के संदेश को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए सकारात्मकता और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी देश एवं प्रदेश को विकसित बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। सरकार द्वारा सभी वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं।



कैथल। रावण दहन कार्यक्रम में मंच पर बैठी भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, सुरभि गर्ग, रविंद्र धीमान। फोटो : हरिभूमि

धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व

जिलेभर में दशहरा पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। शहर के चंदाना गेट स्थित रामलीला मैदान में मुख्य आयोजन हुआ, जहां रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। इस बार रामलीला मैदान में 65 फीट ऊंचा रावण, 55 फीट ऊंचा कुंभकर्ण और 50 फीट ऊंचा मेघनाद का पुतला आकर्षण का केंद्र रहे। दहन से पहले तीनों पुतलों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया। वहीं, आतिशबाजी ने दशहरा उत्सव की रौनक बढ़ा दी। श्रीराम दशहरा उत्सव समिति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में चंदाना गेट पर लगे मेले में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। उत्सव के दौरान जिला एवं पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बरती गई।



नरवाना। खड़े किए गए पुतले।

नरवाना के दशहरा उत्सव में रावण, कुंभकर्ण व मेघनाद के पुतलों का दहन किया

नरवाना। श्री रामा भारतीय कला केंद्र द्वारा पिछले 11 दिनों से रामलीला का मंचन पुरानी अनाज लोहा मंडी में करवाया जा रहा था। केंद्र द्वारा इस बार दशहरे का पर्व एसडी महिला महाविद्यालय में मनाया गया। वहां पर रावण, कुंभकर्ण व मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। यहां मुख्यतिथि के तौर पर समाजसेवी नरेश गोयल व समाजसेवी प्रदीप मोर की धर्मपत्नी संतोष मोर ने शिरकत की। मुख्यतिथियों द्वारा यहां भगवान राम को राज्यभिषेक किया गया। रामलीला में मुख्यतिथि के तौर पर डीएसपी कमलदीप राणा, डीएसपी रोहताश जांगड़ा, समाजसेवी जियालाल गोयल, मनमोहन मित्तल के अलावा काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इस अवसर पर प्रधान भारत भूषण गर्ग, संरक्षक सुशील कौशिक एडवोकेट, हंसराज समैण, दिनेश गोयल, ईश्वर गोयल, वीरेंद्र नैन, मंजीत गौरा, प्रेम अरोड़ा, जगदीश पांचाल,संजय रोहिल्ला, असीम राणा, खवांजी लाल बाता जोगेंद्र शर्मा, राहुल सिंगला, सत्यवान गोस्वामी, विनोद चितारा, डीपी रायका, ललित, एडवोकेट सचिन कौशिक, धर्मबीर गोयल, अजय बिट्टू मौजूद रहे।



पूंडरी। रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले व कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक सतपाल जांबा व कमेटी सदस्य।

मर्यादा लांघने पर हुआ सर्वनाश : जांबा

पूंडरी। बुराई पर अच्छाई का प्रतीक दशहरा पर्व पूंडरी में धूम-धाम से मनाया गया। जय भारत ड्रामाटिक कल्ब पूंडरी द्वारा इंडोर -आउटडोर स्टेडियम पूंडरी के खेल मैदान में दशहरे का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब द्वारा पिछले 52 वर्षों से लगातार दशहरा मेले का आयोजन किया जा रहा है। जहां पर रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले जलाए गए। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में हल्का विधायक सतपाल जांबा व वरिष्ट अतिथि के रूप मे पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रामप्रकाश गोगी, नगरपालिका चैयरपर्सन बबली गोस्वामी, राकेश गोस्वामी, सतपाल चुघ, प्रधान रमेश ढुआ, हरिशलाल, भगवान दास सरदाना, भाजपा नेत्री निधि मोहन, उज्ज्वल सिंह मूंढड़ी, सरपंच नरेंद्र बाकल, मुनीष मित्तल ने भाग लिया। जांबा ने कहा कि रावण ने मर्यादा को लांघकर अपने पूरे वंश का सर्वनाश कर लिया। जय भारत ड्रामाटिक कल्ब के प्रधान बलराम खुराना व सचिव बंटी ग्रोवर ने बताया कि कल्ब पिछले 52 वर्षों से रामलीला का मंचन व दशहरे का आयोजन कर रहा है। इस बार रावण का पुतला 35 फुट लंबा और 5 फुट चौड़ा बनाया गया है। इस मौके पर कल्ब प्रधान बलराम खुराना, सरपरस्त नरेश मनचंदा, उप-प्रधान अशोक वधवा, सचिव बंटी ग्रोवर, कोषाध्यक्ष मा. रामसरूप, महासचिव राजेंद्र खुराना, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष डा. संतोष खुराना जगदीश क्वात्रा, अशवनी खुराना, समाजसेवी अजीत बक्शी, सचिन उप्पल, संजय कुकरेजा, डा.राजेश कुकरेजा, मा. जोगिंद्र, नीटू ढुआ, हर्ष सेठी, संजीव कत्याल, विशु खुराना सहित क्लब के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

फरक्का एक्सप्रेस अब जींद जंक्शन पर 34 मिनट देरी से पहुंचेगी

- जींद से बठिंडा पहुंचने में भी दस मिनट का रहेगा अंतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

बालूरघाट-फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 15733 के समय में बदलाव किया गया है। ट्रेन अब जींद जंक्शन पर सुबह 9 बजकर52 मिनट पर पहुंचेगी। जबकि पहले इसके पहुंचने का समय सुबह 9 बजकर18 मिनट था। ट्रेन के जींद पहुंचने में 34 मिनट की देरी होगी। बालूरघाट से सोनीपत के बीच ट्रेन के समय में मामूली अंतर आया है। पहले ट्रेन सुबह 7:28 बजे सोनीपत पहुंचती थी। जबकि अब इसके पहुंचने का समय सुबह 7:33 बजे निर्धारित किया गया है। सोनीपत से आगे के सफर में समय का अंतर बढ़ता जाता है और जींद पहुंचने तक ट्रेन 34 मिनट देरी से पहुंचती है। जींद में दो मिनट के ठहराव के बाद ट्रेन उचाना, नरवाना, टोहाना, जाखल और मानसा होते हुए दोपहर 1:05 बजे बठिंडा पहुंचेगी। पहले यह ट्रेन दोपहर 12:55 बजे बठिंडा पहुंचती थी। इस तरह बठिंडा पहुंचने में करीब दस मिनट की देरी होगी।

जींद से बठिंडा तक बदला समय

पहले ट्रेन सोनीपत से चलकर सुबह 8:27 बजे गोहाना, 9:18 बजे जींद, 9:40 बजे उचाना, 9:54 बजे नरवाना, 10:18 बजे टोहाना, 10:31 बजे जाखल, 10:45 बजे बरेटा, 11 बजे बुढलाडा और 11:15 बजे मानसा पहुंचती थी। इसके बाद दोपहर 12:55 बजे बठिंडा पहुंचने का समय था। ट्रेन सोनीपत से सुबह 7:33 बजे चलकर 8:31 बजे गोहाना, 9:52 बजे जींद, 10:10 बजे उचाना, 10:24 बजे नरवाना, 10:46 बजे टोहाना, 10:59 बजे जाखल, 11:13 बजे बरेटा, 11:28 बजे बुढलाडा और 11:43 बजे मानसा पहुंचेगी। इसके बाद दोपहर 1:05 बजे बठिंडा पहुंचने का समय निर्धारित किया गया है। नई दिल्ली सीपीआरओ अजय माइकिल ने बताया कि 15733 बालूरघाट-फरक्का एक्सप्रेस के समय में बदलाव किया गया है। ट्रेन अब जींद जंक्शन पर सुबह 9:52 बजे पहुंचेगी। जबकि पहले इसके पहुंचने का समय सुबह 9:18 बजे था।

उपासना होंगी जींद की नई एसपी कुलदीप का सीआईडी में तबादला

- कुलदीप सिंह बोले : जींद के लोगों का डेढ़ साल पूरा सहयोग रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

एसपी कुलदीप सिंह का जींद से तबादला हो गया है। उनके स्थान पर 2017 बैच की आईपीएस उपासना कार्यभार संभालेंगी। कुलदीप सिंह अब सीआईडी के एसपी होंगे। एसपी उपासना फरवरी 2026 में कैथल में एसपी के रूप में तैनात रही। मार्च 2026 में उनका तबादला कैथल एसपी से एसपी सीआईडी में हो गया था। अब उनका तबादला जींद एसपी के रूप में हुआ है। एसपी कुलदीप सिंह ने जिले के लोगों का उनके कार्यकाल के दौरान सहयोग के लिए आभार जताया है। 2019 बैच के आई पी ए स कुलदीप सिंह ने 24 अप्रैल 2025 में जींद के एसपी का कार्यभार संभाला था। इससे पहले वह नरवाना में एएसपी के रूप में भी तैनात रहे थे। कुलदीप सिंह ने कहा कि जींद के लोगों को किसी भी काम में भविष्य में उनकी मदद की जरूरत पड़ेगी तो वह हमेशा उनका सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके लगभग डेढ़ साल के कार्यकाल के दौरान जिले के लोगों का उनको भरपूर सहयोग मिला। नशे के खिलाफ अभियान में खापों ने विशेष सहयोग किया।



एसपी उपासना सिंह।

इंडस में हर्षोल्लास से मनाया दशहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में मंगलवार को दशहरे का त्योहार हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में बच्चों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भगवान श्रीराम, माता सीता सहित रामायण के विभिन्न पात्रों का रूप धारण कर आकर्षक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के दौरान रावण दहन भी किया गया, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दशहरे के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया कि दशहरा असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेते हुए बच्चों को सच्चाई का साथ देने, बुरी आदतों का त्याग करने और अपने जीवन में अच्छे संस्कार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय की मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनके माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं को समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने बच्चों को भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा सदैव सत्य और अच्छाई के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि त्योहार केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं होते बल्कि वे बच्चों को नैतिक मूल्यों, संस्कारों और जीवन में सही मार्ग चुनने की प्रेरणा भी देते हैं। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में उत्साह भरने के साथ उन्हें भारतीय संस्कृति से जुड़ने का अवसर प्रदान किया।




जींद। कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

एटीएम फ्रॉड से बचने के लिए जारी की एडवाइजरी

सचेत रहकर अपने पैसे की करें सुरक्षा : मनप्रीत सिंह सूदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि एटीएम कक्ष से नकदी निकालते समय एटीएम कोड की किसी भी व्यक्ति को जानकारी ना होनें दें। एटीएम मशीन पर कोड लगाते समय दूसरे हाथ द्वारा अपने हाथ के ऊपर आड़ करके सुरक्षा कवच बनाए ताकि कोई व्यक्ति कोड का अंदाजा ना लगा सके। किसी भी अपरिचित व अंजान व्यक्ति की कोई मदद ना लेकर जागरूकता का परिचय देते हुए समुचित सावधानी बरतें। एटीएम से पैसे निकालते समय उपभोक्ता ध्यान दें कि एटीएम मशीन पर कोई अतिरिक्त उपकरण या डिवाइस नहीं लगा हो। अति आवश्यक होने पर किसी अनजान व्यक्ति से मदद ना लेकर एटीएम पर तैनात बैंक कर्मचारी की ही सहायता लें। प्रयास करें की एटीएम से पैसे निकालते समय एटीएम कक्ष में आप अकेले मौजूद हों। एटीएम फ्रॉड से बचने के लिए उपभोक्ता अपने मोबाइल फोन पर आए ओटीपी नंबर को किसी के साथ सांझा ना करें।



एसपी मनप्रीत सिंह सूदन

एसपी ने उन सभी डेबिट, क्रेडिट व एटीएम कार्ड धारकों व नेट बैंकिंग करने वाले ग्राहकों को आगाह करते हुए कहा कि वे अपना कार्ड किसी के हाथ में ना दें, साथ ही खरीददारी के वक्त खुद के सामने ही कार्ड स्वाइप करें।

पिन खुद गुप्त तरीके से डाले, एसएमएस अलर्ट हमेशा चालू रखें, ट्रांजेक्शन लिमिट कम रखें, ट्रांजेक्शन गड़बड़ी पर बैंक को शिकायत दें, हर तीन महीने में स्टेटमेंट चेक करें, कार्ड के जरिए पेमेंट सिर्फ एचटीटीपीएस वेबसाइट पर ही करें, साइबर कैफे पर कार्ड का प्रयोग करने से बचे इसके अलावा साइबर सिक्योरिटी चालू रखें।

खटीक गर्जना सम्मेलन के लिए दिया न्योता

- 25 अक्टूबर को पानीपत में होगा राज्यस्तरीय सम्मेलन, मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

अखिल भारतीय खटीक समाज हरियाणा प्रदेश के तत्वावधान में 25 अक्टूबर को पानीपत में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय खटीक गर्जना सम्मेलन को लेकर समाज के लोगों को निमंत्रण दिया गया। पटियाला चौक स्थित खटीक धर्मशाला में आयोजित बैठक में समाज के पदाधिकारियों ने प्रबुद्धजनों को निमंत्रण पत्र सौंपे और सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। बैठक में समाज के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव डा. सीपी महेंद्र, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र खींची, राजेश भिवाल, अमित मुंडे और हिमांशु नारंग सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय संत शिरोमणि श्रीश्री दुर्बलनाथ जी महाराज के जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 25 अक्टूबर को सुबह पानीपत स्थित आर्य कॉलेज, जीटी रोड पर राज्यस्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यअतिथि होंगे। जबकि केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डा. वीरेंद्र कुमार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री दिनेश खटीक, मध्य प्रदेश के उज्जैन से सांसद अनिल फिरोजिया और उत्तराखंड सरकार में राज्यमंत्री सुरेश मोघा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। पदाधिकारियों ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता और स्वाभिमान की भावना को मजबूत करनाए शिक्षा के प्रसार को बढ़ावा देना तथा राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में जागरूकता पैदा करना है। इस अवसर पर रामफल खींची, मदनलाल, डा. बलबीरए राम सिंह, नानक मेवलीवाल, नानक पंवार, सतपाल खींची, रमेश कुमार, राजेश, राजकुमार, महेंद्र, अशोक सरवालिया और सुरेश कुमार सहित समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



जींद। राज्य स्तरीय खटीक गर्जना सम्मेलन को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

विवाहिता को घर से निकालने पर केस दर्ज

कैथल। दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने और मारपीट कर घर से निकालने के आरोप में पूंडरी थाना पुलिस ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पूंडरी के एक गांव निवासी निवासी सपना रानी ने शिकायत में आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही पति और ससुराल पक्ष के लोग कम दहेज लाने के ताने देकर उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। मई 2025 में उत्तराखंड में होटल खरीदने के लिए मायके से 2 लाख रुपये लाने का दबाव बनाया गया। मांग पूरी नहीं करने पर उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस को दी शिकायत में सपना रानी ने बताया कि उसकी शादी 11 फरवरी 2022 को कुरुक्षेत्र के शांति नगर निवासी प्रमोद कुमार के साथ हुई थी। शादी में उसके माता-पिता ने करीब 8 लाख रुपये खर्च किए थे। आरोप है कि शादी के बाद पति ने बुलेट मोटरसाइकिल नहीं मिलने पर ताने देने शुरू कर दिए। सास-ससुर और ननद ने भी सोने के जेवरात सहित अन्य सामान की मांग की। सास और ननद ने उसके मायके से मिले जेवरात अपने कब्जे में ले लिए। विवाहिता का आरोप है कि पति शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता था, जबकि ससुर भी शराब के नशे में गाली-गलौज करता था। 7 अप्रैल 2023 को बेटे के जन्म के बाद भी ससुराल पक्ष ने जेवरात नहीं देने के ताने दिए। शिकायत के अनुसार, मई 2025 में होटल खरीदने के लिए 2 लाख रुपये की मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट की गई और घर से निकाल दिया। इसके बाद से वह मायके में रह रही है। विवाहिता ने आरोप लगाया कि पंचायतों के बावजूद ससुराल पक्ष ने उसे वापस ले जाने से इनकार कर दिया और उसका स्त्रीधन व जेवरात भी नहीं लौटाए। जांच अधिकारी एएसआई सरोज ने बताया कि पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद पति प्रमोद, सास मीना, ससुर बलराम, ननद ज्योति और देवर अमित, सुमित व आकाश के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पूर्व सैनिकों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

शहीद सिपाही मिठिया राम को बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि

पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल की ओर से आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल की ओर से 5 जाट रेजीमेंट के अमर वीर योद्धा शहीद सिपाही मिठिया राम के 64 वें बलिदान दिवस पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाना स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान पूर्व सैनिकों, परिजनों और ग्रामीणों ने शहीद स्मारक पर पुष्पमाला अर्पित कर वीर सपूत को श्रद्धापूर्वक नमन किया। एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि सिपाही मिठिया राम ने वर्ष 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान लद्दाख की विषम परिस्थितियों में चांगला टॉप के समीप चीनी सेना से वीरतापूर्वक मुकाबला करते हुए मातृभूमि के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। उस समय क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही थी और तापमान करीब माइनस 40 डिग्री तक पहुंच गया था। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अदम्य साहस का परिचय दिया और देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए।

शहीद के साले चौधरी मान सिंह ने सबसे पहले शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। चौधरी मान सिंह शहीद लेफ्टिनेंट सतबीर सिंह, जिन्हें मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था, के वीर पिता हैं।

लेफ्टिनेंट सतबीर सिंह ने भी 18 मार्च 2009 को इंफाल में 12 मराठा रेजीमेंट में सेवा के दौरान मातृभूमि के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बहादुर सिंह, डीआई, पौत्र सुखविंदर सिंह व सुरेंद्र सिंह सहित शहीद परिवार के सदस्य, रिश्तेदार और गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे।



राजौंद। गांव भाना में शहीद सिपाही मिठिया राम के स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते पूर्व सैनिक व शहीद परिवार के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

इन्होंने की कार्यक्रम में शिरकत

इस दौरान एसो. प्रधान जगजीत फौजी, रिसालदार मेजर गोपीचंद करोड़ा, कैप्टन बलजीत सिंह भाना, हवलदार कर्म सिंह सरपंच, हवलदार दयानंद भाना, हवलदार कर्म सिंह भाना, कैप्टन मोहन लाल करोड़ा, सीपीओ राजवीर भाना, सूबेदार सुरजीत सिंह, हवलदार इंदर सिंह ढूल, नायक राम महेर करोड़ा, सिपाही सतपाल, सूबेदार महेंद्र सिंह रमाना, सूबेदार धर्मवीर सिंह ढूल, सूबेदार बलबीर माजरा, सूबेदार धर्मवीर सिंह मौजूद रहे।

पौत्र वीसी से जुड़ा

शहीद के पौत्र सिपाही सुशील कुमार, 7 जाट रेजीमेंट तथा सिपाही अमन ढुल, बंगाल इंजीनियर, अपनी ड्यूटी पर रहते हुए वीडियो के माध्यम से अपने दादा के शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005